तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट





13 इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक एआई वीडियो पर नाराज कांग्रेसी...





12 दूर होगा पेयजल संकट, तीन प्रोजेक्ट से 176 गांवों...


## खबर संक्षेप



### फर्नीचर दुकान में लगी आग

**भिलाई।** फर्नीचर दुकान अचानक आग लगने से लाखों रुपए का सामान जल गया। सूचना पर दमकल कर्मी पहुंचे और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक डबरापारा खुर्सीपार स्थित दीपक बंसल के फर्नीचर दुकान आग लग गई। अग्निशमन कार्यालय को सूचना मिलने पर दमकल टीम को मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने आगजनी स्थान पर तुरंत घुसा। जहां कमरे से आग की लपटें निकल रही थी, अग्निशमन कर्मी तुरंत हरकत में आकर आग पर काबू पाया। कमरे के भीतर दो गैस सिलेंडर को भी निकाला। फिर आग पर काबू पाया फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। पुलिस में शिकायत के बाद आगजनी के कारणों को पतासाजी किया जा रहा है। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह, अग्निशमन दल प्रभारी घनश्याम यादव, अग्निशमन कर्मी संतोष कुमार, जितेंद्र, भीषण, टिकेंद्र, अनंत ,रामनाथ कुर्रे का अह्म योगदान रहा है।

### अवैध शराब को लेकर पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब को लेकर पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से पुलिस ने 35 देशी मशाला शराब और बाइक को जब्त किया गया है। अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाइक सवार युवको को पकड़ा है। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम शिवपारा दुर्ग निवासी देवा बघेल और राजीव नगर कार्तिक यादव उर्फ बबल बताया है। जब्त शराब की कीमत 3500 रुपए है। कुल सामानों की कीम 33,500 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आमजन से अपील करती है कि अवैध शराब बिक्री ,परिवहन जैसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। ऐसे अवैध कार्यों में शामिल अपराधियों पर शिंकजा कसा जा सके।

### मजदूर की हत्या मामले में महिला और अपचारी बालक हुए गिरफ्तार

**भिलाई।** मजदूर राम नारायण निषाद के हत्या मामले में पुलिस ने एक महिला और अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर करहीडीही निवासी सावित्री निषाद और अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पत्थर, साक्ष्य संबंधी जले हुए कपड़े, जूते, अन्य भौतिक साक्ष्य जब्त किया गया है। महिला की पूछताछ में बताया कि रंजिश होने के कारण मृतक रामनारायण निषाद नशे में इस कारण मौका मिलते ही सिर पर पत्थर पटकर हत्या करना स्वीकार किया है। शिकायत ग्राम करहीडीही निवासी महेंद्र कुमार निषाद ने पुलिस से की थी। शव ग्राम करहीडीही स्थित दुर्गा मंच के पीछे खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला है। मृतक ने पूर्व में विवाद को लेकर पुलिस से शिकायत की थी। उसी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। मृतक नशे की हालत में होने के कारण आरोपियों द्वारा मारपीट कर गमछे से पैर बांधकर घसीटते हुए ले जाकर पत्थरों से कुचलकर हत्या किया। महिला ने घटना को अंजाम देने के बाद साक्ष्य मिटाने खून से सने कपड़े, जूते जलाए।

# बेमेतरा की बेटियों ने रचा इतिहास, 12वीं में प्रदेश टॉप-टेन में ओमनी-लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेमेतरा जिले ने इस वर्ष शानदार प्रदर्शन किया है। खास बात यह रही कि 12वीं बोर्ड में जिले की बेटियों ने प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा ओमनी वर्मा ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया, वहीं लक्ष्मी साहू ने टॉप-टेन सूची में नौवां स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया। जिले के समग्र परिणाम भी उत्साहजनक रहे हैं। 10वीं बोर्ड परीक्षा में 12,009 परीक्षार्थियों में से 8,607 विद्यार्थी सफल रहे, जिससे 71.82 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया। वहीं 12वीं में 8,640 में से 7,116 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की और कुल परिणाम 82.39 प्रतिशत रहा। ओमनी वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, अनुशासन और परिवार व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन 11 से 12 घंटे पढ़ाई करती थीं। वहीं लक्ष्मी साहू ने सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया।

दोनों छात्राओं की उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत इरादे और लगन के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। परिणाम घोषित होते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालयों में जश्न का माहौल रहा, वहीं परिजनों और नागरिकों ने मिठाई खिलाकर सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। शिक्षकों ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

## 10वीं में 71.82% और 12वीं में 82.39% परिणाम, जिले में जश्न का माहौल



### जिले का परीक्षा परिणाम भी रहा बेहतर

जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी के अनुसार, वर्ष 2026 में 10वीं बोर्ड परीक्षा में 12,909 विद्यार्थियों में से 8,607 उत्तीर्ण हुए, जिससे कुल परिणाम 71.82 प्रतिशत रहा। वहीं 12वीं में 8,640 विद्यार्थियों में से 7,116 सफल रहे और परिणाम 82.39 प्रतिशत दर्ज किया गया।





## कार्रवाई : 187 रोजगार सहायकों व 35 आवास मित्रों को नोटिस, वेतन रोकने के निर्देश

# प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही पर सख्ती, 222 कर्मियों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में लापरवाही सामने आने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रेमलता पदमाकर ने समीक्षा बैठक में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए 187 रोजगार सहायकों एवं 35 आवास मित्रों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में स्वीकृत आवासों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान पाया गया कि बड़ी संख्या में आवास अभी तक प्रारंभ नहीं किए गए हैं, जबकि कई निर्माणाधीन आवास समय पर पूर्ण नहीं हो सके हैं। साथ ही हितग्राहियों को 90 दिनों की मजदूरी भुगतान में भी देरी सामने आई, जिसे गंभीर लापरवाही माना गया। सीईओ ने बैठक में अनुपस्थित 187 रोजगार सहायकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके अनुपस्थित दिवस को अवैतनिक घोषित करने तथा आगामी आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसी प्रकार, योजना में अपेक्षित योगदान नहीं देने और समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने पर 35 आवास मित्रों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित एवं अप्रारंभ आवासों को शीघ्र शुरू कर निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

साथ ही मजदूरी भुगतान से जुड़े लंबित मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा योजना के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## रेत से भरे 2 वाहन जब्त, 57 हजार रुपए अर्थदंड वसूली की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान खनिज का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर रेत से भरे 02 वाहनों को मौके पर ही जब्त किया गया।

■ निगरानी और जांच की जाएगी

प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित वाहनों के पास वैध परिवहन दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे, जिससे यह कार्रवाई की गई। उक्त प्रकरण में संबंधित वाहन संचालकों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का सं. 67) की धारा 21 से 23-ख के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। नियमों के उल्लंघन के चलते संबंधित पक्षों से 57,000 रुपये की अर्थदंड राशि वसूली की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए जिले में नियमित रूप से निगरानी एवं जांच अभियान संचालित किए जा रहे हैं, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## पहली डिजिटल जनगणना की तैयारी तेज, कलेक्टरों को अहम निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों की समीक्षा बैठक लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

■ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में समीक्षा, दो चरणों में होगा कार्य, मोबाइल ऐप से डेटा संग्रह

उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी, जिसमें मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए डेटा संग्रह किया जाएगा। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे जनगणना कार्य को प्राथमिकता देते हुए अपनी निगरानी में सुव्यवस्थित ढंग से संपादित कराएं। सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को अपने-अपने गणना ब्लॉकों का भौतिक सत्यापन कर ब्लॉकवार नजरी नक्शा तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कोई भी मकान सूचीकरण से न छूटे। जनगणना कार्य दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें मकान सूचीकरण एवं आवास गणना के तहत लगभग 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी दर्ज की जाएगी।

### डिजिटल और स्व-गणना की सुविधा

इस बार नागरिकों को ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया गया है, जो 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध रहा। ऑनलाइन जानकारी देने वाले नागरिकों से प्रगणक केवल एसई आईडी लेकर फील्ड सत्यापन करेंगे।

### 62 हजार से अधिक कर्मियों की तैनाती

प्रदेश के 33 जिलों के 19,978 गांवों एवं नगरीय निकायों में जनगणना कार्य के लिए करीब 62,500 कर्मियों की तैनाती की गई है। इनमें 51,300 प्रगणक और 9,000 पर्यवेक्षक शामिल हैं। प्रत्येक प्रगणक को अधिकतम 800 व्यक्तियों और 180 मकानों का सर्वे सौंपा गया है।0जनगणना कार्य की निगरानी के लिए जिला स्तर पर 24×7 कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। नागरिकों की सुविधा के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1855 के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए हैं। **जानकारी रहेगी पूरी तरह गोपनीय:** निदेशक ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान एकत्रित की गई सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रहेंगी और इनका उपयोग केवल विकास योजनाओं व सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे सही एवं पूरी जानकारी देकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें।

## राम लला दर्शन तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्री राम लला दर्शन तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं से भरी बस को नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने वादों को पूरा करते हुए जनता को धार्मिक आस्था से जुड़ी योजनाओं का लाभ दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की विभिन्न योजनाएं

■ श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह, शासन की योजना से आमजन को मिल रहा धार्मिक यात्रा का लाभ

▶▶| शेष पेज 13 पर




## शरारती तत्वों की करतूत से बिगड़ा सड़क सुरक्षा संदेश ‘नशे में गाड़ी चलाएं’ पढ़ने को मजबूर राहगीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बेरला–देवरबीजा मार्ग पर ग्राम रेवे के पास इन दिनों शरारती तत्वों की हरकत ने सड़क सुरक्षा संदेश को ही मजाक बना दिया है। सड़क किनारे लगाए गए सूचना फलक के साथ छेड़छाड़ कर उसके मूल संदेश का अर्थ ही बदल दिया गया है, जिससे राहगीरों को उल्टा और खतरनाक संदेश मिल रहा है।

■ बेरला–देवरबीजा मार्ग पर सूचना फलक से छेड़छाड़

दरअसल बोर्ड पर लिखा था“नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं”, लेकिन शरारती तत्वों ने ‘न’ शब्द मिटा दिया है। इसके चलते अब वही संदेश “नशे की हालत में गाड़ी चलाएं” के रूप में पढ़ा जा रहा है, जो सीधे तौर पर सड़क सुरक्षा के खिलाफ है और दुर्घटनाओं को न्योता दे सकता है। इस मामले में लोक निर्माण विभाग की उदासीनता भी खुलकर सामने आई है। यह बोर्ड लंबे समय से इसी स्थिति में लगा हुआ है, लेकिन इसे सुधारने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं, जिनमें जागरूक नागरिक भी शामिल हैं, लेकिन किसी ने भी संबंधित विभाग को इसकी सूचना देने की पहल नहीं की।




स्थानीय लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारी केवल कागजी निरीक्षण तक सीमित रहते हैं और जमीनी हकीकत पर ध्यान नहीं देते। यही कारण है कि जिले के कई स्थानों पर लगे सूचना फलक या तो क्षतिग्रस्त हैं, झुके हुए हैं या फिर उनके साथ इसी तरह की छेड़छाड़ की गई है।

जरूरत इस बात की है कि विभाग समय-समय पर इन सूचना फलक की निगरानी और मरम्मत सुनिश्चित करे, ताकि सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर विषय पर लोगों को सही और स्पष्ट संदेश मिल सके ।

# अस्मिता फुटबॉल लीग में बेटियों ने दिखाया दम, जूनियर बालिका टीम को कांस्य पदक

स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा की 5 खिलाड़ियों ने टीम में निभाई अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अस्मिता फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में बेमेतरा की जूनियर बालिका फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान (ब्रोंज मेडल) हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 24 से 26 अप्रैल 2026 तक रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित की गई थी। टीम में स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा बेमेतरा की पांच खिलाड़ियों याचना वर्मा, स्वर्णा, लिखिता ठाकुर, चेतावली निषाद और डिंपल निषाद का चयन हुआ था, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

बेमेतरा टीम ने रायपुर को 3-1 और धमतरी को 2-1 से हराकर अपनी मजबूती साबित की और शानदार प्रदर्शन के दम पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों के खेल कौशल और टीम भावना ने दर्शकों व चयनकर्ताओं को खासा प्रभावित किया। खेल से मिलती है अनुशासन और आत्मविश्वास की सीख स्कूल के व्यायाम




शिक्षक लोकेश्वर राव ने बताया कि फुटबॉल केवल शारीरिक क्षमता का खेल नहीं, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन, रणनीति और आत्मविश्वास सिखाने का माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को इस खेल के जरिए आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है और यह नशामुक्त व स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 10 वर्षों से वे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिनमें से कई खिलाड़ी वर्तमान में बी.पी.एड. और एम.पी.एड. की पढ़ाई कर रहे हैं। लोकेश्वर राव स्वयं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### महिला फुटबॉल को मिल रहा बढ़ावा

अस्मिता फुटबॉल लीग ने यह साबित कर दिया है कि बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। खासकर बेटियों की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि अब खेल के मैदान में महिलाएं भी किसी से पीछे नहीं हैं। टीम की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य जी.पी. सिंह, सरपंच चंद्रशेखर परगनिहा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष बलिराम धीवर सहित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने खिलाड़ियों, कोच रामेश्वरी साहू और व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

